नवाचार सूचकांक में दो पायदान चढ़ा भारत

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की रिपोर्ट, 2021 में भारत 46वें स्थान पर पहुंचा

नई दिल्ली। स्टार्टअप के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और नवाचार को बढ़ावा देने में भारत लगातार सुधार कर रहा है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की ओर से सोमवार को जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में भारत ने दो पायदान की छलांग लगाई और 2021 में 46वें स्थान पर पहुंच गया।

संगठन के मुताबिक, भारत की रैंकिंग 2015 के बाद से बढ़ रही है। तब भारत जीआईआई 81वें पायदान पर था। यह सुधार सरकारी व निजी संगठनों की ओर से शोध पर जोर दिए जाने से आया है। भारत के परमाणु ऊर्जा विभाग, विज्ञान एवं तकनीक विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग और अंतरिक्ष विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय नवाचार माहौल को काफी बेहतर बना दिया है। एजेंसी

सरकारों को मिलेगी मदद

संगठन का दावा है कि इस रिपोर्ट से दुनियाभर के देशों की सरकारों को अपने यहां नवाचार बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसका मूल उद्देश्य नए विचारों और तकनीकों को सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों एवं बदलावों में शामिल करना है। जीआईआई की रिपोर्ट को सरकारें अपनी नीतियों को सुधारने का जरिया मानती हैं।